जागरण

# छापे में मिला नकली एशियन पेंट, दो फर्मों पर मुकदमा

Publish Date:Thu, 06 Feb 2020 09:52 PM (IST)



*संवादसूत्र बलरामपुर कोतवाली नगर क्षेत्र के पेंट की दो दुकानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में पेंट की एक नामी कंपनी के नाम से नकली पेंट व डिब्बा बरामद किया है। दोनों फर्मों के नाम*

बलरामपुर : कोतवाली नगर क्षेत्र में पेंट की दो दुकानों पर छापेमारी कर एशियन कंपनी के नाम से बेचा जा रहा नकली पेंट बरामद किया गया है। दुकान से पेंट भरकर बेचने के लिए कई खाली डिब्बे भी मिले हैं। दोनों फर्मों के नाम से कोतवाली नगर की पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

सीओ सिटी राधारमण सिंह ने बताया कि नगर के गोंडा मार्ग पर सुआवं नाला व संतोषी माता मंदिर के पास स्थित दुकानों पर छापेमारी की गई थी। मौके से पेंट की खाली बाल्टी (डिब्बा) व पैकिग का सामान बरामद किया गया है। एशियन पेंट कंपनी के प्रतिनिधि विजय कुमार की तहरीर पर दोनों फर्मों के नाम से कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

Source: [https://www.jagran.com/uttar-pradesh/balrampur-duplicate-paint-20006692.html](https://www.jagran.com/uttar-pradesh/balrampur-duplicate-paint-20006692.html)